एक नजर में

तख्त साहिब में तीन दिवसीय अखंड पाठ हुआ शुरू

पटना सिटी : तख्त श्रीहरिमंदिर जी पटना साहिब के पूर्व मुख्य ग्रंथी स्वर्गीय भाई रजिंदर सिंह के स्मृति पर्व पर गुरुवार से श्री गुरुग्रंथ साहिब का अखंड पाठ प्रारंभ हुआ। अखंड पाठ की समाप्ति 17 जनवरी को होने के बाद विशेष दीवान में वैराग्यमय कीर्तन व कथा प्रवचन होगा। आयोजन में पूर्व मुख्य ग्रंथी के स्वजन, सेवादार समेत अन्य थे। (जासं)

आज कई इलाकों में चार घंटे बंद रहेगी बिजली

पटना सिटी : विद्युत आपूर्ति प्रमंडल पटना सिटी अंतर्गत मालसलामी पावर सब स्टेशन में लगाए गए दस एमवी के नये पावर ट्रांसफार्मर से जुड़े कार्यों को लेकर शुक्रवार को मारूफगंज फीडर संख्या एक और बेगमपुर फीडर की बिजली सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर तीन बजे तक बंद रहेगी। यह जानकारी कार्यपालक अभियंता ने गुरुवार को दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान मालसलामी, बेगमपुर, कर्मलीचक, पटना साहिब स्टेशन रोड, मोर्चा रोड, मारूफगंज मंडी, भैंसानी टोला, चैनपुरा तथा आसपास के इलाकों की बिजली बंद रहेगी। (जासं)

कराटे प्रतियोगिता में छात्रा को सिल्वर मेडल

पटना सिटी : चौकशिकारपुर स्थित आरपीएम कालेज की छात्रा स्नेहा कुमारी ने पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की ओर से अंतर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता के अन्तर्गत हुई कराटे प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीता। प्राचार्या प्रो. डा. पूनम ने गुरुवार को कालेज में छात्रा का अभिनंदन किया। खेलकूद प्रभारी डा. पूनम कुमारी ने बताया कि प्रतियोगिता एएन कालेज में हुई थी। (जासं)

मेहंदीगंज में 50 लीटर देसी शराब की गई जब्त

पटना सिटी : मेहंदीगंज थाना पुलिस ने रानीपुर ढाल मोहल्ला में अवैध शराब की बिक्री होने की सूचना पर देसी महुआ शराब जब्त की। पुलिस ने बताया कि प्लास्टिक में पैक 50 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद कर तस्कर की खोज जारी है। (जासं)

घरेलू विवाद में हमला करने का आरोपित गिरफ्तार

दनियावां : शाहजहांपुर गांव में गुरुवार को घरेलू विवाद के दौरान एक नशेड़ी ने अपनी ही भाभी के साथ मारपीट कर जख्मी कर दिया। घायल महिला नीति कुमारी ने घटना के तुरंत बाद पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने आरोपित लक्ष्मी पंडित को गिरफ्तार कर लिया। महिला ने आरोप लगाया है कि उसके देवर ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी। (संसू)

एटीएम कार्ड बदल खाता से 30 हजार की अवैध निकासी

पटना सिटी : अगमकुआं थाना क्षेत्र के भूतनाथ रोड स्थित एटीएम से रुपये निकालने गई कुम्हरार निवासी बबीता कुमारी का एटीएम कार्ड बदलकर खाता से 30 हजार रुपए की अवैध निकासी करने का मामला सामने आया। पीड़िता ने अगमकुआं थाना पुलिस को बताया कि एटीएम से जब रुपये निकालने गई तो वहां खड़े बदमाशों ने किसी तरह से कार्ड को बदल खाता से तीस हजार रुपये की अवैध निकासी कर ली। उसके बाद बदमाश महिला का एटीएम कार्ड भी साथ ले गए। (जासं)

एनएच 30ए पर लगा जाम

दनियावां : फतुहा–दनियावां एन एच 30 ए पर गुरुवार की दोपहर बाद से जाम लगा रहा है। वाहनों की कतार लगी रही। जाम का कारण धोबा नदी के पुल पर एक वाहन में आई खराबी को बताया गया है। (संसू)

हाइटेंशन तार में फंसी पतंग, उतारने में बालक झुलसा

एचटी फ्यूज उड़ने से ट्रांसफार्मर में हुई तेज आवाज, आलमगंज के गांधी मूर्ति के समीप की घटना

- तार व ट्रांसफार्मर में सटे दस साल के शुभम को लोगों ने बांस-लकड़ी से अलग किया
- पिता की तीन साल पहले हुई मौत, काफी देर तक बड़े इलाके में गुल रही बिजली

जागरण संवाददाता, पटना सिटी : आलमगंज थाना अन्तर्गत माखनपुर ईदगाह मोहल्ला स्थित गांधी मूर्ति के समीप गुरुवार की दोपहर 11:52 बजे बिजली के हाइटेंशन तार में फंसी पतंग निकालने के दौरान करंट लगने से एक बालक बुरी तरह से झुलस गया। तार में बालक के सटते ही एचटी फ्यूज उड़ने के कारण ट्रांसफार्मर से तेज आवाज हुई। आवाज सुनकर पहुंचे लोगों ने बांस और लकड़ी की मदद से तार व ट्रांसफार्मर में सटे बालक को अलग किया। जली हुई हालत में उसे इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। डाक्टर का कहना है कि बच्चे का शरीर बुरी तरह से जल गया है। एनएमसीएच टीओपी के प्रभारी अमित दास ने बताया कि करंट लगने से जख्मी हुआ दस साल का शुभम कुमार अभी बोलने की हालत में नहीं है। अस्पताल में शुभम की मां नेहा कुमारी व स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। मां ने बताया कि तीन साल पहले ही शुभम के पिता शिवजी यादव की मौत हो गई थी। शुभम इकलौता पुत्र है। दो पुत्री है। बच्चों के लालन-पालन करने के लिए उसे दूसरों के यहां काम करना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि बेहद गरीबी में जी रहे इस परिवार के लिए बच्चे का इलाज करना मुश्किल है। आर्थिक मदद की परिवार को बेहद जरूरत है।

एनएमसीएच में जख्मी शुभम के परेशान स्वजन ● जागरण

लोगों की सूझबूझ से बची जान दीवार पर चढ़ कर उतार रहा था पतंग : पतंग उड़ा रहे अन्य बच्चों ने बताया कि तार में पतंग फंसने पर शुभम हाई टेंशन तार व ट्रांसफार्मर लगे पोल से सटी दीवार पर चढ़ गया। पतंग उतारने का जैसे ही प्रयास किया कि उसके तार में सटते ही फ्यूज उड़ने का जोरदार धमाका हुआ। आवाज सुनकर पहुंचे लोगों ने सबसे पहले पोल में लगे एबी स्वीइच को गिरा कर बड़ी पटनदेवी फीडर की बिजली आपूर्ति को बाधित कर दिया। बांस की मदद से बच्चे को पोल व ट्रांसफार्मर से अलग करने में तत्परता दिखाई। कार्यपालक अभियंता सज्जाद अंसारी ने बताया कि शाट लगने से एचटी फ्यूज उड़ते ही 11:52 बजे बड़ी पटनदेवी फीडर की बिजली बंद हो गयी थी।

मुआवजा दिलाने का होगा प्रयास, सतर्कता जरूरी : विद्युत आपूर्ति प्रमंडल गुलजारबाग के कार्यपालक अभियंता मोहम्मद सज्जाद अंसारी ने बताया कि सुरक्षा को लेकर लोग सतर्क रहें। बिजली के तार, पोल, ट्रांसफार्मर में फंसी पतंग को निकालने का प्रयास न करें। केबल वाले तार में भी इंसुलेशन कटा होने या सर्विस वायर और पोल में करंट हो सकता है। घायल बच्चे के लिए प्राविधान अनुसार परिवार को मुआवजा दिलाने को लेकर विभागीय पत्राचार किया जाएगा।

फतुहा में अनियंत्रित ट्रक ने बच्ची को कुचला, मां-पिता जख्मी

संसू, जागरण ● फतुहा : पचरुखिया थाना अन्तर्गत बिहटा-सरमेरा एनएच पर मसाढ़ी गांव के समीप गुरुवार को अनियंत्रित ट्रक ने कुचल दिया, जिससे बाइक पर सवार दम्पति घायल हो गए। दुर्घटना में महिला की गोद में बैठी आठ माह की बच्ची नंदनी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। माता-पिता गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पचरुखिया थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल दंपती को पटना भेजा। बच्ची के शव को अपने कब्जे में ले उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। घायल दंपती की पहचान दनियावां थाना क्षेत्र के तरौरा गांव निवासी टुनटुन पासवान और उनकी पत्नी काजल देवी के रूप में हुई। सूचना मिलने पर पहुंचे स्वजन का कहना है कि टुनटुन पासवान गुरुवार को मकर संक्रांति पर बाइक से अपने गांव तरौरा से पत्नी काजल देवी और आठ वर्षीय बच्ची नंदनी के साथ अपना ससुराल फुलबरिशरीफ जा रहे थे। इसी दौरान बिहटा- सरमेरा एनएच पर मसाढ़ी गांव के समीप एक ट्रक ने बाइक में पीछे से धक्का मार दिया। इससे बाइक सवार दंपती सड़क के नीचे गिरकर घायल हो गए तथा घटना के दौरान महिला की गोद से बच्ची सड़क के बीच चली गई जिसे वाहन ने कुचल दिया। घटनास्थल पर ही बच्ची की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ट्रक लेकर चालक फरार हो गया। पचरुखिया थानाध्यक्ष विक्रम कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

बाढ़ में घर के पीछे खेल रहा बच्चा कुएं में गिरा, मौत

संस, जागरण● बाढ़ : थाना क्षेत्र के छोटकी जमुनीचक गांव में एक पांच वर्षीय बच्चे का शव घर के पीछे स्थित कुएं से बरामद हुआ है। बच्चे की पहचान अनिल साव के सबसे छोटे पुत्र टापू कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार को बच्चा टापू घर के आसपास खेल रहा था, तभी अचानक वह गायब हो गया। छानबीन के दौरान घर से लगभग 500 मीटर पीछे खेत में स्थित कुएं के पास बच्चे की चप्पल दिखाई दी। ग्रामीणों ने सीढ़ी लगाकर कुएं के अंदर तलाश की, जहां से शव मिला।

शार्ट सर्किट से बेलवरगंज स्थित घर में लगी आग, सामान जले

जागरण संवाददाता, पटना सिटी : आलमगंज थाना क्षेत्र के बेलवरगंज स्थित एक मकान की दूसरी मंजिल स्थित एक कमरे में लगे इमर्शन हीटर से शार्ट लगने के कारण कमरे में आग लग गयी। नीचे रहने वाले लोगों ने भाग कर जान बचायी। सूचना पाकर समीप के पटना सिटी फायर स्टेशन से पहुंची एक दमकल की मदद से आग बुझाई गई।

फायर आफिसर गयानंद सिंह ने बताया कि शार्ट सर्किट से लगी आग से कमरे और रसोई घर में रखा सारा सामान जल गया। उस मकान की पहली मंजिल पर रहने वाले नौशाद अली ने बताया कि दूसरी मंजिल पर चचेरे भाई सुहैल और सरफराज अहमद रहते हैं। बुधवार की रात कमरे में पानी गरम करने वाली राड को पानी में डाल कर कमरा बंद कर भाई परिवार के साथ कहीं गए थे। उस समय बिजली कटी हुई थी। आग लगने की खबर तब लगी जब पानी की प्लास्टिक पाइप आग से पिघल गयी और पानी निचले तल्ले की छत से रिसने लगा। ऊपर जाकर देखा तो रसोई घर और कमरे में आग लगी थी।

कमरे में लगी आग ● सौ. नागरिक

महिला के अपहरण के आरोप में दो नामजद

जासं, पटना सिटी : आलमगंज थाना क्षेत्र के आदिवासी कालोनी में किराये के मकान में रहने वाले सूरज प्रियदर्शी ने 21 वर्षीय पत्नी को एक महिला व एक पुरुष पर बहला-फुसलाकर अगवा करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी करायी है। सूरज ने छह माह पहले कोर्ट में प्रेम विवाह किया था। मसौढ़ी के गांधी नगर निवासी सूरज ने आलमगंज थाना पुलिस को बताया कि पिछले वर्ष 18 जुलाई को गिरीडीह निवासी युवती से न्यायालय में प्रेम विवाह किया था। नौ जनवरी को कार्य के सिलसिले में घर से निकला। शाम में सात बजे लौटने पर पत्नी घर पर नहीं थी। सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चला कि मसौढ़ी निवासी एक लड़की कमरे में आयी थी। उसके बाद वह पत्नी को बहला-फुसला कर ले गई। पीड़ित पति ने मसौढ़ी निवासी प्रिंस पटेल को नामजद किया है।

शराब पार्टी में दोस्तों ने गड़ासी से गला रेत की थी युवक की हत्या

फालोअप

जागरण संवाददाता, पटना सिटी : खाजेकलां थाना क्षेत्र के टेढ़ी घाट में 12 जनवरी की रात 32 वर्षीय पंकज उर्फ राधे को उसके ही तीन दोस्तों ने शराब की पार्टी में शामिल होने के लिए बुलाया था। गड़ासी से उसकी गला रेत कर हत्या कर साक्ष्य छिपाने के लिए शव को गंगा में फेंका था। हत्या करने के बाद अभियुक्त पटना से भागने की तैयारी में थे। पुलिस ने गिरफ्तार विकास कुमार उर्फ भानू, सागर कुमार व गोलू कुमार को पूछताछ के बाद गुरुवार को जेल भेज दिया। पंकज का गला रेतने में इस्तेमाल किया गया उस गड़ासी की खोजने में पुलिस जुटी है।

थानाध्यक्ष विद्यानंद वर्मा ने गुरुवार को बताया कि हत्या से संबंधित अन्य साक्ष्यों को एकत्र करने के लिए एफएलएस की टीम ने नमूना संग्रह किया है। खाजेकलां थाना क्षेत्र के टेढ़ी घाट निवासी पंकज उर्फ राधे का शव पुलिस ने बुधवार को गंगा से पाया संख्या 184 के पास से बरामद किया था। मुख्य अभियुक्त भानू ने पुलिस को बताया कि महिला रिश्तेदार के साथ पंकज का अवैध संबंध था। विरोध करने पर पंकज बात नहीं मान रहा था। साजिश के तहत 12 जनवरी को 11 बजे रात में शराब पार्टी कर लोहे की गड़ासी से पंकज की गला रेतकर हत्या कर शव को गंगा में फेंक दिया था।

मसौढ़ी में दो युवकों को मारी गोली, गंभीर

संस, जागरण● *मसौढ़ी : थाना के शाहाबाद गांव के दो युवकों को गुरुवार की शाम पटवन कर घर लौटने के दौरान एक शराबी ने गोली मार दी, जिससे दोनों घायल हो गए। उन्हें बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच भेज दिया गया। घायलों की पहचान शाहाबाद के रितिक कुमार उर्फ लालो (24 वर्ष) और बिट्टू कुमार (22 वर्ष) के रूप में हुई।

डायन बता महिला की हत्या मामले में दो गिरफ्तार

संसू, जागरण ● बिहटा : थाना क्षेत्र के बाजितपुर गांव में डायन के आरोप में एक महिला की पीटकर हत्या के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान पिंटू राम और अनीता देवी के रूप में की गई है। दोनों बाजितपुर गांव के निवासी हैं। पटना पश्चिम सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि मंगलवार को एक गांव में महिला की हत्या आपसी रंजिश में की गई थी। मृतक महिला की मां ने 12 लोगों को नामजद करते हुए हत्या का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 12 नामजद में से दो आरोपितों पिंटू राम और अनीता देवी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए प्रयासरत है। एसपी ने बताया कि घटना पर पुलिस गंभीर है और पूरे मामले की छानबीन की जा रही है।

महिला आयोग ने लिया स्वतः संज्ञान, एसएसपी को लिखा पत्र

जासं, पटना : बिहटा के बाजितपुर गांव में बच्चे की मौत के बाद एक महिला को डायन बताकर पीट-पीटकर हत्या किए जाने के मामले में बिहार राज्य महिला आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग की अध्यक्ष अप्सरा ने पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर त्वरित और कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया है।

पुण्यतिथि पर याद किए गए सच्चिदानंद सिंह

जासं, पटना सिटी : शिक्षक सह समाजसेवी डा. सच्चिदानंद सिंह साथी की पुण्यतिथि पर गुरुवार को स्वरांजलि द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। संस्था के महासचिव डा. ध्रुव कुमार, संयोजक अनिल रश्मि, आलोक चोपड़ा, ओम प्रकाश चौबे, डा. किरण सिन्हा, डा. शीला कुमारी, ने स्व. साथी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया।

भद्र घाट पर गंगा में स्नान करते श्रद्धालु ● जागरण

भक्तों ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

जासं, पटना सिटी : गुरुवार को मकर संक्रांति पर्व परंपरागत तरीके से मनाया गया। अनुमंडल के विभिन्न गंगा घाटों पर ठंड के बावजूद भक्तों ने गंगा में डुबकी लगा निर्मल व स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया। भद्रघाट, महावीर घाट, गायघाट, कंगन घाट समेत अन्य घाटों पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ स्नान करने के लिए जुटने लगी। गंगा स्नान के बाद भक्तों ने तिल, गुड़ दान पुण्य किया। गंगा में स्नान कर भक्तों पूजा-अर्चना व दान पुण्य के बाद भक्तों ने चूड़ा, दही व तिलकुट का सेवन किया। शाम में नागरिकों ने खिचड़ी खाई। मंदिरों में भी भक्तों भगवान को भोग अर्पित किया।

शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी का मार्ग होगा चौड़ा

जासं, पटना सिटी : शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी मंदिर जाने के मार्ग का चौड़िकरण होगा। इसके लिए अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। ये बातें गुरुवार को अनुमंडलाधिकारी सत्यम सहाय ने बड़ी पटनदेवी मार्ग के निरीक्षण के दौरान कहीं। उन्होंने बताया कि अशोक राजपथ से बड़ी पटनदेवी मंदिर के उत्तर तथा पूरब के मार्गों में मकानों के सड़क पर बनी सीढ़ी, चबूतरे को तोड़ कर रास्ता चौड़ा किया जाएगा। ऐसे लगभग 40 मकान चिह्नित किए गए हैं। मंदिर के आसपास में आधा दर्जन निर्मित दुकानों को नोटिस देकर हटाने के लिए कहा गया है।

समाचार सार

जरूरतमंदों के बीच कंबल का किया वितरण

कंबल वितरण करते पूर्व विधान सभाध्यक्ष नंद किशोर यादव ● जागरण

जागरण संवाददाता, पटना सिटी : बिहार चैंबर आफ कामर्स के अध्यक्ष रहे स्वर्गीय ओपी साह ने कोरोना से संक्रमित होने के बावजूद कोरोना काल में गरीबों, असहायों तथा जरूरतमंदों की लगातार मदद किया। यह बात गुरुवार को मालसलामी स्थित श्री बिहारी जी मिल्स परिसर में उद्योगपति सह समाजसेवी स्वर्गीय ओपी साह की पुण्य स्मृति में आयोजित कंबल वितरण समारोह में पूर्व विधान सभाध्यक्ष नंदकिशोर यादव, विधायक रत्नेश कुमार व संजय गुप्ता ने कही। कार्यक्रम में रमन प्रकाश साह, गौरव साह व विवेक साह ने बताया कि 1100 लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। मौके पर पंकज साह, रौनक साह, लक्ष्मण साह, पार्षद विनोद कुमार, विजय यादव, सन्नी साह, संजीव देवड़ा समेत अन्य थे।

विसर्जन जुलूस में डीजे बजाने पर रहेगा प्रतिबंध

संसू, जागरण ● पुनपुन : पुनपुन थाना परिसर में गुरुवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में थानेदार बेबी कुमारी ने उपस्थित लोगों को सरस्वती पूजा के दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस पूजा में लासेन्स लेना अनिवार्य है। इसके साथ ही, विसर्जन के समय डीजे बजाने की अनुमति नहीं होगी। बैठक में स्थानीय समुदाय के सदस्यों ने भी भाग लिया और शांति बनाए रखने के लिए अपने विचार साझा किए। थानेदार ने सभी से अपील की कि वे नियमों का पालन करें और किसी भी प्रकार की अशांति से बचें। इस बैठक का उद्देश्य त्योहार के दौरान शांति और सद्भाव बनाए रखना था।

घर और कोर्ट के समीप से आधा दर्जन बाइक चोरी

जासं, पटना सिटी : अनुमंडल के विभिन्न थाना क्षेत्रों से अज्ञात चोरों द्वारा आधा दर्जन बाइक चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। आलमगंज थाना क्षेत्र के नया गांव निवासी अरविंद चौधरी की बाइक चोर घर के गेट के सामने से ले भागे। इसी थाना क्षेत्र के मठ लक्ष्मणपुर कोईरी टोला निवासी अमित कुमार ने बताया कि घर के समीप से बाइक चोरी हो गयी। इसी थाना क्षेत्र के माखनपुर ईदगाह रोड निवासी मनीष कुमार की बाइक पुरानी सिटी कोर्ट के समीप से चोरी हो गयी। जय महावीर कालोनी से मनोज कुमार की बाइक चोरी हो गई। मोंगलपुरा नौढाल निवासी सैय्यद अली इमाम ने महात्मा गांधी रोड से स्कूटी चोरी की सूचना पुलिस को दी है।

गौरीशंकर मंदिर में विशिष्टों का हुआ अभिनंदन

जासं, पटना सिटी : गायघाट स्थित प्राचीन गौरीशंकर मंदिर में गुरुवार को मकर संक्रांति पर वैदिक मंत्रोच्चार से पंडित टीएन झा ने भोग अर्पण करने के बाद प्रसाद वितरण किया। मंदिर में महापौर सीता साहू, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, विधायक रत्नेश कुमार व संजय गुप्ता, धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य आनंद कुमार, उप महापौर रेश्मी चंद्रवंशी, एसडीओ सत्यम सहाय, कार्यपालक दंडाधिकारी सुनील कुमार, एएसपी राजकिशोर सिंह, अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष नवीन सिन्हा, पूर्व पार्षद लल्लू शर्मा समेत अन्य विशिष्टों को प्रतीक चिह्न देकर सचिव विश्वनाथ चौधरी ने अभिनंदन किया। मौके पर चुन्नू चंद्रवंशी, विनय केसरी, संजय सिंह, दिलीप गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद, शंकर चौधरी, गणेश कुमार, अवधेश कुमार समेत अन्य थे।

IFCI LIMITED
आई एफ सी आई लिमिटेड
(A Government of India Undertaking)
(भारत सरकार का उपक्रम)
पंजीकृत कार्यालय: आईएफसीआई टॉवर, 61 नेहरू प्लेस, नई दिल्ली -110019
टेलीफोन: 011-41732000
ईमेल: khetsingh.yadav@ifciltd.com
वेबसाइट: www.ifciltd.com
CIN: L74899DL1993GOI053677

परिशिष्ट-IV A
[नियम 8(6) के परंतुक देखें]

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ़ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ़ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, जिसे सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के प्रोविज़ो के साथ पढ़ा जाए।

इसके द्वारा आम जनता और विशेष रूप से कर्जदार/गिरवी रखने वाले और गारंटर (गारंटरों) को सूचित किया जाता है कि नीचे बताई गई अचल संपत्ति, जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/चार्ज है, जिसका प्रतीकात्मक कब्जा आईएफसीआई लिमिटेड (प्रतिभूत लेनदार) के अधिकृत अधिकारी ने ले लिया है, उसे **26/02/2026 (दोपहर 12:30 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक)** को "जैसा है जहां है", "जैसा है वैसा है", और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा, ताकि 15/12/2025 तक के 470,32,90,748/- रुपये की वसूली की जा सके, साथ ही 16/12/2025 से कॉन्ट्रेक्ट की दरों पर आगे का ब्याज भी, जो आईएफसीआई लिमिटेड (प्रतिभूत लेनदार) को सी एंड सी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (कर्जदार और गिरवी रखने वाले) से मिलना है।

आरक्षित मूल्य 16.56 करोड़ रुपये होगा। बयाना जमा राशि (EMD) 1.66 करोड़ रुपये होगी।

अचल संपत्ति का विवरण

वे सभी ज़मीन के टुकड़े और हिस्से, जो सर्वे नंबर वाली प्रॉपर्टी का हिस्सा हैं और उसमें शामिल हैं, जिनका विवरण नीचे दिया गया है:

संपत्ति/सुरक्षित संपत्तियों का विवरण

(1) वह सारी ज़मीन, जो प्रॉपर्टी का हिस्सा है और जिसका माप **266.19 कट्ठा** (831.84375 डेसिमल = 8 एकड़ 31.84375 डेसिमल) है, जिसका सर्वे नंबर है:

तौजी नंबर	खाता नंबर	सर्वे पी. नंबर	भूमि का क्षेत्रफल
8537	30	213	190.625 डेसि./ 61 कट्ठा
	10	214	
	38	215	
	2	209	42½ डेसिमल 18 डेसिमल
	10	188	
	10	206	202.34375 डेसिमल
	26	207	
	31	208	
	41	212	
	30	213	
	10	214	
	38	215	
	10	214	22½ डेसिमल 103 डेसिमल 18 डेसिमल
	38	215	
	10	188	
	31	208	96.875 डेसि./ 31 कट्ठा
	41	212	
	30	213	
	2	189	23 डेसिमल 115 डेसिमल
		191	

थाना संख्या 139 और 140, **मौजा हकीकतपुर, थाना बख्तियारपुर**, उप रजिस्ट्री बाढ़, पटना, बिहार में स्थित है।

(2) उस प्रॉपर्टी के सभी टुकड़े और हिस्से, जिसका कुल क्षेत्रफल **80.285 कट्ठा** (250.890625 डेसिमल = 2 एकड़ 50.890625 डेसिमल) है और जिसके सर्वे नंबर ये हैं:

तौजी नंबर	खाता नंबर	सर्वे पी. नंबर	भूमि का क्षेत्रफल
7867	36	497	66 डेसिमल
	2	486(P)	42 डेसिमल
	69	269(P)	06 डेसिमल
	105	375	23 डेसिमल
	105	378	15 डेसिमल
	78	377	37 डेसिमल
	199	380	34.46875 D
		389	13.59375 D
		639	13.828125 D

थाना संख्या 139 और 140, **मौजा बुलान बुजुर्ग, थाना बख्तियारपुर**, उप रजिस्ट्री बाढ़, पटना, बिहार में स्थित है।

बयाना जमा (EMD) जमा करने की आखिरी तारीख: **25/02/2026 सुबह 11:30 बजे तक**

निरीक्षण की तारीख और समय: 20/02/2026 सुबह 11:00 बजे से शाम 4:30 बजे के बीच

ऊपर बताई गई अचल संपत्ति पर कोई ज्ञात भार नहीं है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया आईएफसीआई लिमिटेड (सुरक्षित लेनदार) की वेबसाइट **www.ifciltd.com** पर दिए गए लिंक को देखें।

दिनांक: 16/01/2026
स्थान: नई दिल्ली

प्राधिकृत अधिकारी
आईएफसीआई लिमिटेड

कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
डाण्डा लखौण्ड, पो०ओ० गुजराडा, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून, उत्तराखण्ड

पत्रांक संख्या– 27प/पी0पी0पी0/06/2024/1291 दिनांक 15/01/2026

'ई'– निविदा सूचना उत्तराखण्ड सरकार

1. कार्य का नाम – OPERATION & MAINTENANCE CONTRACT OF EMERGENCY RESPONSE SERVICES IN UTTARAKHAND IN CAPEX and OPEX MODEL 108 Ambulance Service के संचालन हेतु ई–निविदा प्राक्रिया आंमत्रित की जाती है।
2. निविदा प्रपत्र पोर्टल में उपलब्ध होने की तिथि – **17.01.2026, अपराह्न 2:00 बजे।**
3. प्री–बिड बैठक – **30.01.2026, अपराह्न 3:00 बजे।**
4. निविदा जमा किये जाने की अंतिम तिथि एवं समय – **06.02.2026, अपराह्न 2:00 बजे।**
5. निविदा के तकनीकी भाव पत्र खोले जाने की तिथि – **06.02.2026, अपराह्न 3:00 बजे।**
6. निविदा आमंत्रित करने वाले अधिकारी का नाम व पता – महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तराखण्ड, देहरादून।
7. इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार के संशोधन/निरस्तीकरण आदि की सूचना वेबसाइट **https://uktenders.gov.in** से प्राप्त की जा सकती है।
8. **पोर्टल रजिस्ट्रेशन**– समस्त इच्छुक निविदादाताओं जो निविदा में प्रतिभाग करना चाहते हैं वे पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करने हेतु अपने वैध व्यक्तिगत/कार्यालय के ई–मेल को अपना login id बनाकर अपने वैध Digital Signature Certificate (डीएस0सी0) का उपयोग कर उसे unique login id बना सकते है।
9. प्री–बिड बैठक महानिदेशालय, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड देहरादून, डांडा लखौण्ड पो०ओ० गुजराडा, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून में आयोजित की जायेगी।

किसी अन्य जानकारी के लिए निविदादाताओं से आग्रह है कि वे **mhvuttarakhand@yahoo.com** एवं कार्यालय के कक्ष संख्या– 52, महानिदेशालय, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड, देहरादून पर जानकारी हेतु सम्पर्क कर सकते है।

संयुक्त निदेशक (पी0पी0पी0)

GOVT. OF BIHAR

BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD
I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.
Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

POST GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING [PGMAC (Ayush)]-2025 for MD (Homeo)

***Advt. No.*- BCECEB [PGMAC(Ayush)]-2025/28 Dated : 15.01.2026**

Notice for Stray Vacancy Round-3 Online Application & Choice Filling

1. Online Application with Choice Filling after Stray Vacancy Round-2 are invited from such qualified, eligible & interested NEET(PG)-2025 candidates for appearing in the Stray Vacancy Round-3 Online Counselling of Post Graduate Medical Admission Counselling PGMAC(Homeopathy)-2025, who have not done the Registration and submission of Online Application or who has completed their registration process but did not duly submit Online Application with payment of requisite Counselling Fee & Security Deposit against Adv. No. BCECEB[PGMAC(Ayush)]-2025/01 Dated 26.09.2025 , 2025/15 dated 05.11.2025, 2025/21 dated 24.11.2025 & 2025/25 dated 08.12.2025, on the vacant seats of Government/ Private Ayush Colleges of Bihar for admission to the first year PG Ayush Courses (MD [Homeo]) in Government / Private Ayush Colleges of Bihar state based on the Rank of PGMAC(Homeopathy)-2025 prepared on the basis of merit list of AIAPGET-2025 conducted by the National Testing Agency (NTA) on the basis of vacant seats available after admission on the basis of PGMAC(Ayush)-2025 Online Stray Vacancy Round-2 counselling held from 20.12.2025 to 21.12.2025.

Consent are also invited from eligible candidates who have already duly submitted the online Application Form earlier but do not fall under the candition mentioned in Point no. 4 of Adv. No. BCECEB[PGMAC(Ayush)]-2025/27 Dated 15.01.2026 uploaded on Board's website.

2. Seat Matrix of vacancies after completion of Stray Vacancy Round-2 Counselling is available on Board's website. If any further vacancies arises, the Seat Matrix will be updated further and updated vacancies shall be uploaded on the Board's website. **The candidate must see it before filling up of their Choices for Online Counselling.** Presently there is no any vacancy in Govt. Homoeopathic College.

3. **Stray Vacancy Round-3 Counselling will be conducted Online.**

4. **The online Consent / Registration and submission of Application will start from 16.01.2026 and close on 18.01.2026 (10.00 pm).**

5. Eligibility criteria for counselling, Fee payment procedure, instructions and other details are available in the prospectus of PGMAC(Homeopathy)-2025 and the related detailed Advertisement No. BCECEB[PGMAC(Ayush)]-2025/27 Dated 15.01.2026 which can be downloaded from the Board's website: bceceboard.bihar.gov.in.

Controller of Examination

On the Occasion of NEW YEAR Presenting
Last 3 Days
New Crafts
Silk India®
2026
Exhibition & Sale
Never Miss it !
Pure Silk Products directly Purchase by Weavers from Across India
ISKCON TEMPLE
Behind Tara Mandal, Golok Dham, Buddha Marg, Patna
From : 07th to 18th Jan. 2026
Products on Display - Orissa : Sambhalpuri Ikkat Silk Saree, Bihar : Oragnic Tassar Silk Sarees, Suit & Stoles, Assam : Muga & Eri Silk Sarees, Karnataka : Creap Silk, Georgette Silk, Arini Silk & Printed Sarees, Tamilnadu : Kanjeevaram Silk Sarees & Designer Fancy Sarees, Andra Pradesh : Dharmavara, Uppada, Gadwal, Mangalagiri & Pochampalli Sarees, Uttar